हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 29 जुलाई 2025



06 पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले...





07 नियम को ताक पर रख स्वास्थ्य विभाग ने कर दिए...






## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 29 जुलाई तक

**सीहोर।** जिले के श्यामपुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में जेएनवीएसटी 2026-27 चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। प्रवेश के लिए पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है। इच्छुक और पात्र विद्यार्थी बेवसाईट पर आवेदन कर सकते हैं। पंजीयन के लिए विद्यार्थी की जन्म तारीख 01 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होना चाहिए तथा किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालय से तीसरी एवं चौथी कक्षा उत्तीर्ण की हो एवं वर्तमान सत्र में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत होना चाहिए। विद्यार्थी का आधार कार्ड तथा जिले का निवासी होना चाहिए।

### उत्कृष्ट प्रविष्टिया 29 जुलाई तक

**सीहोर।** हाथकरघा क्षेत्र के उत्कृष्ट एवं परमारागत संस्कृति के संरक्षण करने वाले बुनकरों को प्रोत्साहित करने के लिए कबीर बुनकर प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 के लिए हाथकरघा बुनकरी द्वारा स्वयं उत्पादित उत्कृष्ट प्रविष्टिया बुनकर द्वारा लूम पर बुनाई करते हुये फोटो सहित) सीहोर जिले के हाथकरघा बुनकरों से 29 जुलाई 2025 तक आमंत्रित है। प्रभारी अधिकारी जिला हाथकरघा ने बताया कि प्रविष्टि 29 जुलाई 2025 तक समय सांय 6.00 बजे तक स्वीकार की जावेगी। योजनान्तर्गत प्रथम पुरूस्कार एक लाख रूपये, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 25 हजार रूपये तथा प्रतीक चिन्ह शील एव श्रीफल तक सीमित रहेगा। आवेदन पत्र प्रारूप एवं अन्य आवश्यक जानकारी जिला हाथकरघा कार्यालय सीहोर से कार्यालयीन समय में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### पीएम फसल बीमा योजना के आवेदन 31 तक

**सीहोर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 के फसल बीमा लाभ के लिए शासन द्वारा अधिसूचित क्षेत्र की अधिसूचित फसलों पर ऋणी, अऋणी एवं डिफाल्टर किसानों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। फसल बीमा कराने के लिए किसान अपना आवेदन आधार कार्ड, बही की छायाप्रति, बचत बैंक खाता की छायाप्रति एवं खरीफ के लिए निर्धारित बीमित राशि का 02 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर प्रीमियम के साथ संबंधित राष्ट्रीयकृत बैंक, जिला सहकारी बैंक तथा निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर में जमा कराकर आवेदन कर सकते हैं और फसल बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते है।

### अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं हेतु काउंसलिंग 14 अगस्त तक

**सीहोर।** शासकीय महिला पोलिटेक्निक महाविद्यालय में अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं छात्राओं के पूर्णतः निःशुल्क है। संस्था में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग ब्रांच एवं मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट ब्रांच में द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया उपरांत शेष रही रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग के लिए ऑनलाईन पंजीयन प्रारंभ हो गये है। संस्था प्राचार्य डीआर वर्मा ने बताया कि कक्षा 10वीं उत्तीर्ण छात्राएँ पंजीयन के उपरांत प्रवेश दिया जायेगा, इसके बाद रिक्त स्थान भरने तक प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार, एवं शुक्रवार को संस्था स्तर पर काउंसलिंग की जावेगी, तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा काउंसलिंग की अंतिम तिथि 14 अगस्त तय की गई है। इच्छुक छात्राएँ कार्यालयीन समय में संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश संबंधी जानकारी डॉ स्मिता शर्मा एवं ओपी श्रीवास्तव से प्राप्त कर सकती है।

# पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर की सौगात पर अतिक्रमण, प्रज्ञा ठाकुर की तस्वीर को हटाकर नए सांसद की लगा दी

### पूर्व सांसद ने सीहोर विधानसभा क्षेत्र में बनवाए थे यात्री प्रतीक्षालय

**सीहोर।** राजनीति में खींचातानी होती है, यह आम बात है। लेकिन सर्वविदित सौगातों पर भी यदि अतिक्रमण किया जाए तो लोग फिर चर्चा करते हैं। जैसा कि इन दिनों सीहोर विधानसभा क्षेत्र में हो रहा है। दरअसल, सीहोर विधानसभा में शहर सहित अंचल में एक दर्जन से अधिक यात्री प्रतीक्षालय बने हैं, यह यात्री प्रतीक्षालय पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर की देन थे, लेकिन यात्री प्रतीक्षालयों पर इन दिनों अतिक्रमण नजर आ रहा है।

बता दें साल 2019 से 2014 तक प्रज्ञा सिंह ठाकुर भोपाल संसदीय सीट से सांसद रहीं है। तत्कालीन सांसद साध्वी ठाकुर ने अपने कार्यकाल में शहर सहित अंचल में एक दर्जन से अधिक ऐसे प्रतीक्षालय बनवाए थे, जिनसे गर्मी में चिलचिलाती धूप और बरसात में मूसलाधार बारिश से यात्रियों को बड़ी राहत मिली थी। इन प्रतीक्षालयों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर की तस्वीरें लगी हुई थीं, जो उनके कार्यकाल की पहचान थीं। लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन ने इन तस्वीरों को मिटा दिया था। इधर 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने प्रज्ञा सिंह ठाकुर के स्थान पर आलोक शर्मा वर्तमान में भोपाल संसदीय सीट हैं।




**सीहोर।** शहर के भोपाल नाका स्थित यात्री प्रतीक्षालय पर बदली तस्वीर।



**सीहोर।** जमोनिया रोड पर यात्री प्रतीक्षालय पर हटाई गई तस्वीर।

**प्रतीक्षालयों पर लगी तस्वीरों पर सियासत :** शहर सहित अंचल में लगे यात्री प्रतीक्षालयों पर लगी तस्वीरों को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। दरअसल, इन यात्री प्रतीक्षालयों पर अब पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर की तस्वीरों की जगह वर्तमान सांसद आलोक शर्मा की तस्वीरें लगाई जा रही हैं। यह देखकर स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि यह एक गलत परंपरा है और पूर्व सांसद की ओर से दी गई सौगात पर इस तरह अतिक्रमण नहीं करना चाहिए।

#### आमजनों को मिला था फायदा

रिटायर्ड शिक्षक रमेश वर्मा ने बताया कि ये प्रतीक्षालय प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने बनवाए थे, लोगों को उनसे फायदा मिला। अब नए सांसद की तस्वीर लगाना ऐसा लगता है जैसे किसी और की मेहनत पर अपना नाम लिखवाया जा रहा हो। वर्तमान सांसद आलोक शर्मा को भी सीहोर विधानसभा में अच्छी सौगात देना चाहिए, जिससे यहां की जनता उनके कार्यकाल को याद रखें।

### सेल्फी बनी मौत का कारण : झरने में डूबे दो छात्रों के शव को 16 घंटे बाद निकाला

# भोपाल का बोलकर पिकनिक गए थे वीआईटी के पांच छात्र, दो की वाटरफॉल में डूबने से हुई मौत

खिवनी अभ्यारण्य के जंगल में स्थित भेरूखो वाटरफॉल में रविवार की शाम डूबे गए थे युवक। शवों को बाहर निकालते की हुआ गमगीन माहौल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर /इछावर

युवाओं, महिलाओं, पुरूषों में सेल्फी का क्रेज बढ़ गया है, लेकिन ये सेल्फी जानलेवा भी साबित हो रही है। ऐसा ही सेल्फी लेते समय दो छात्रों की मौत का मामला भी सामने आया। कोठरी के पास स्थित वीआईटी कॉलेज के पांच छात्र रविवार को हॉस्टल से भोपाल जाने का बोल कर इछावर तहसील के दौलतपुर से लगे देवास जिले के खिवनी अभ्यारण के जंगल में स्थित भेरूखो वाटरफॉल पर पिकनिक मनाने पहुंच गए थे, लेकिन तभी सेल्फी लेते वक्त एक छात्र का पैर फिसला और वह झरने में जा गिरा। उसे बचाने के लिए दूसरे दोस्त ने भी छलांग लगा दी, लेकिन दोनों ही बाहर नहीं आ सके। उनके अन्य तीन दोस्तों ने इसकी सूचना दी। इसके बाद इछावर थाना पुलिस एसडीआरएफ और एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया, लेकिन शाम होने के कारण रेस्क्यू में परेशानियां आईं। इसके बाद सोमवार को फिर से रेस्क्यू शुरू किया गया और करीब 10 बजे दोनों के शव निकाल लिए गए।

#### सुबह से स्थानीय लोग पहुंचे, झरने में बनी कोच में फंसे थे दोनों

खिवनी अभ्यारण्य स्थित भेरूखो वाटरफॉल में सोमवार को सुबह से ही स्थानीय लोग भी पहुंच गए। इस दौरान एसडीआरएफ और पुलिस की टीम भी वहां मौजूद थी। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान स्थानीय लोगों की भी मदद ली गई। दोनों युवक झरने में बनी कोच में फंस गए थे। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। इसके बाद उनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस दौरान वहां पर माहौल गमगीन भी हो गया।



#### तीन छात्र होस्टल में, दो रहते थे बाहर

वीआईटी कॉलेज के पांच छात्रों में से तीन छात्र होस्टल में ही रहते थे और दो बाहर रहते थे। हादसे में जान गंवाने वाले हेमंत पिता कृष्णा राव एमटेक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का छात्र था और होस्टल में ही रहता था। वहीं सिन्मुक पिता प्रकाश राव बीटेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग का छात्र था, जो बाहर रहता था। इनके अलावा छात्र नरेंद्र पिता चंद्रशेखर बीटेक कम्प्यूटर साइंस की पढ़ाई कर रहा है और वह बाहर रहता है। वामासी पिता कोठी एमटेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग सायबर सिक्योरिटी का छात्र है एवं होस्टल में ही रहता है। ललित पिता सेनमुख एमटेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग सायबर सिक्योरिटी का छात्र है और होस्टल में ही रहता है।

#### गहरा बताया जा रहा है झरना

दौलतपुर गांव से लगे देवास जिले के खिवनी अभ्यारण के जंगल में स्थित भेरू खो झरना बेहद गहरा बताया जाता है। बहुत उपर से इसमें पानी गिरता है, जिसके कारण यह झरना सभी के लिए उत्सुकता पैदा करता है। यहां पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा चेतावनी भी जारी की गई है कि बारिश के दिनों में झरने के पास नहीं पहुंचे। सीहोर जिला प्रशासन ने भी इसके लिए सख्ती बरती है। सभी झरनों, तालाबों, बांधों सहित नदियों पर पिकनिक मनाने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। रविवार को कर्मचारियों की ड्यूटी भी यहां पर लगाई जाती है, ताकि लोग यहां पर नहीं पहुंचे। इसके बाद भी पांच युवक यहां पर पहुंच गए।

#### माह में एक बार मिलती है बाहर जाने की अनुमति

वीआईटी प्रबंधन द्वारा बताया गया कि सभी छात्र-छात्राओं को माह में एक बार बाहर जाने की अनुमति दी जाती है। इसके लिए उन्हें उनके पेरेंट्स, फैकल्टी एवं होस्टल के वार्ड से भी अनुमति लेनी होती है। कई बार स्टूडेंट्स गलत जानकारी देकर भी बाहर चले जाते हैं। कई बार स्टूडेंट भोपाल का बोलकर और कहीं घूमने चले जाते हैं। ऐसे में प्रबंधन भी मजबूर हो जाता है। हादसे में जान गंवाने वाले छात्रों ने भी भेरूखो वाटरफॉल जाने की अनुमति नहीं ली थी, लेकिन वे लोग वहां पहुंचे गए और हादसे का शिकार हो गए। इधर एसपी सीहोर दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि वीआईटी कॉलेज के पांच छात्र नरेंद्र, वामासी, ललित, सिन्मुक और हेमंत रविवार को पिकनिक मनाने खिवनी अभ्यारण के जंगल में स्थित भेरूखो वाटरफॉल पहुंचे थे। इनमें से सिन्मुक उम्र 20 निवासी हैदराबाद और हेमंत उम्र 20 वर्ष निवासी हैदराबाद झरने में डूब गए। दोनों के शव निकाल लिए गए और पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिए हैं।

**वाटरफाल पर पिकनिक के दौरा मौज-मस्ती पड़ी भारी-** पांच दोस्तों को पिकनिक मनाना एवं मौज-मस्ती करना भारी पड़ गया। वे रविवार को खिवनी अभ्यारण्य के भेरूखो वाटरफॉल पर पहुंचे थे। इस दौरान वे मौज-मस्ती कर रहे थे, तभी एक छात्र सेल्फी ले रहा था, लेकिन इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह झरने में जा गिरा। इसी दौरान एक अन्य छात्र बचाने के लिए झरने में कूद गया, लेकिन दोनों ही बाहर नहीं आ सके। तीन युवक सकुशल हैं। उन्होंने ही जंगल से बाहर आकर घटना की सूचना दी। इसके बाद इछावर थाना पुलिस की टीम एसडीआरएफ एवं एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची। इस दौरान वन विभाग का अमला भी घटनास्थल पर पहुंचा।

#### भोपाल का बता कर गए थे

वीआईटी के दो छात्रों के साथ दुखद घटना हो गई है। पांच छात्र, जिनमें से तीन होस्टल में रहते हैं एवं दो बाहर रहते हैं। ये सभी घूमने गए थे। इसके लिए इन्होंने अपने पेरेंट्स की भी अनुमति ली थी। इसके बाद फैकल्टी एवं होस्टल वार्डन से भी अनुमति लेकर गए थे। माह में एक बार बच्चों को जरूरी सामान या अन्य कोई काम के लिए बाहर जाने की अनमुति दी जाती है। इसके लिए उन्हें अपने पेरेंट्स, फैकल्टी एवं वार्डन से भी अनुमति लेनी होती है। कई बार बच्चे गलत जानकारी देकर भी बाहर चले जाते हैं। इन बच्चों ने भी भेरूखो वाटरफॉल जाने की अनुमति नहीं ली थी, लेकिन ये लोग वहां पहुंच गए। घटना की जानकारी बच्चों के पेरेंट्स को दे दी गई थी। वे लोग सुबह ही वीआईटी पहुंच गए हैं।

**केके नैय्यर,** रजिस्टार वीआईटी

# हादसों से नहीं ले रहे सबक, पर्यटन स्थलों पर लापरवाही बरत रहे लोग

### बाराखंबा देवपुर के करीब प्राचीन भाटिया देव पर उमड़े लोग, खुलेआम झरने में नहाए, छोटे-छोटे बच्चे भी डाल रहे जान जोखिम में

**सीहोर।** एक तरफ बारिश के दिनों में झरनों, तालाबों, बांधों, नदियों सहित ऐसे स्थान जहां घटना-दुर्घटनाओं की संभावनाएं हैं उनको लेकर कलेक्टर बालागुरू के ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। दूसरी तरफ लगातार घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेश एवं इन घटनाओं से भी कोई सबब नहीं लिया जा रहा है। अब ऐसा ही लापरवाही का मामला इछावर में सामने आया है, जहां पर लोग खुलेआम एक झरने में नहाते हुए नजर आ रहे हैं। यहां पर बच्चे भी जान जोखिम में डालकर झरने में स्नान कर रहे हैं। दरअसल इछावर के समीप बाराखंबा देवपुर से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर प्राचीन भाटिया देव स्थान है, जहां पर एक झरना भी है। यह बारिश के दिनों में जमकर बहता है। बारिश के दिनों में यहां पर लोग भी पहुंचते हैं, लेकिन इस समय सीहोर में कलेक्टर बालागुरू के ने ऐसे स्थानों पर जाने पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं एवं कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई जा रही है, लेकिन इछावर में कलेक्टर के आदेश की खुलेआम धज्जियां भी उड़ाई जा रही हैं। यहां पर न तो कोई कर्मचारी तैनात है और न ही लोगों की आवाजाही पर कोई रोक लगाई गई है। ऐसे में एक बड़े हादसे का और इंतजार किया जा रहा है। यहां बता दें कि पिछले 15 दिनों में सीहोर जिले में तीन बड़े-बड़े हादसे हो चुके हैं और इनमें कई लोग जान भी गवां चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी इछावर में प्रशासन द्वारा गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। इछावर एसडीओपी रोशन जैन ने बताया कि यदि ऐसी स्थिति है तो इसको दिखवाते हैं एवं आगामी दिनों में ऐसे स्थानों पर भी पुलिस टीम तैनात करेंगे, ताकि लोग सुरक्षित रह सकें।





### जिले में प्रथम बार दिखाया ऑनलाइन शतरंज प्रतियोगिता का परिणाम

**सीहोर।** सीहोर जिले में प्रथम बार किसी शतरंज प्रतियोगिता का परिणाम ऑनलाइन प्रदर्शित किया गया, जो कि एक ऐतिहासिक पहल साबित हुई। यह प्रतियोगिता सेंट मैरीज़ रेसिडेंशियल हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा आयोजित की गई, जिसमें कुल 131 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर उपस्थित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में स्कूल परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसमें विशेषकर प्राचार्य बाबू एंटनी और डायरेक्टर मनीष तिवारी के मार्गदर्शन व प्रेरणा से यह आयोजन अपने उद्देश्य में सफल रहा। उक्त आयोजन सेंट मैरीज़ स्कूल की गतिविधि समन्वयक महिमा शर्मा की निगरानी में सम्पन्न हुआ। उन्होने बताया कि सेंट मैरीज़ स्कूल की यह पहल न केवल विद्यार्थियों को एक नई दिशा देने वाली रही, बल्कि जिले में पहली बार शतरंज प्रतियोगिता के परिणाम को ऑनलाइन दिखाकर नवाचार की मिसाल पेश की। यह आयोजन निश्चित रूप से सीहोर के शैक्षणिक परिदृश्य में एक प्रेरणास्पद अध्याय जोड़ता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उषा टेकाम मैडम जिला मंडी कार्यालय की हेड क्लर्क एवं सलनी मैडम पूर्व शिक्षिका, सेंट मैरीज़ स्कूल की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता का सफल संचालन कपिल मालवीय, पूजा मालवीय, शुभम विश्वकर्मा, आयुष नगिना ने किया।



## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना के तहत पंजीयन 15 अगस्त तक

**सीहोर।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना तहत बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले बच्चों के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं। जिसकी अंतिम तिथि 15 अगस्त 2025 है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देशभर के 05 से 18 वर्ष तक की आयु तक के उन बच्चों को प्रदान किया जाता है। विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। आवेदक आधिकारिक पोर्टल पर पंजीयन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य युवाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों की सराहना करना, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना और अन्य बच्चों को प्रेरित करना है। यह पुरस्कार उन बच्चों को एक मंच प्रदान करता है, जो अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं। आवेदन संबंधी अधिक जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### रिक्त पदों के लिए 4 तक आवेदन आंमत्रित

**सीहोर।** ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में विभिन्न श्रेणियों के 633 रिक्त पदों पर भर्ती के लिये योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आंमत्रित किये गये हैं। रिक्त पदों में सहायक अभियंता, विधि अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक, उपकेन्द्र परिचारक, सर्वेयर परिचारक के पद शामिल हैं। इन पदों के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 04 अगस्त 2025 है। रिक्त पदों में द्वितीय श्रेणी के सहायक अभियंता (पारेषण) के 63 पद, विधि अधिकारी के 01, कनिष्ठ अभियंता पारेषण के 247, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के 12, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक के 67, उपकेन्द्र परिचारक के 229 एवं सर्वेयर परिचारक के 14 पद शामिल हैं। भर्ती प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी एम.पी. ट्रांसको की अधिकृत वेबसाइट अथवा एम.पी. ऑनलाइन की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### 30 तक ओटीआर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार कक्षा नौवीं से कॉलेज स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक अथवा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है और जिनके परिवार की वार्षिक आय सीमा 02 लाख 50 हजार से कम है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को एक बार ओटीआर नम्बर प्राप्त करने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नम्बर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ मिल सकेगा तथा फिर से ओटीआर कराने की आवश्यकता नही होगी।

### पहले भी फर्जी आधार कार्ड और जन्म प्रमाण-पत्र बनाने के मामले आ चुके हैं सामने

# फर्जीवाड़ाः आधार केंद्र पर बिना आईडी प्रूफ और जन्म प्रमाण-पत्र के बना दिए फर्जी आधार कार्ड

### दो कार्ड के 3हज़ार एक आधार कार्ड के वसूले 1800 रुपए, बिना दस्तावेज बना रहे आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

भैरुंदा तहसील मुख्यालय स्थित लोक सेवा केंद्र में आधार केंद्र पर आधार कार्ड बनाने के नाम पर फर्जीवाड़ा सामने आया है। जहां असहाय गरीब लोगों को आधार कार्ड बनवाने के लिए एक आधार कार्ड के 1800 रु. दो कार्ड 3 हज़ार रुपए तक की भारी-भरकम राशि वसूली जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है, कि यह सब कुछ तहसील कार्यालय परिसर में संचालित लोक सेवा केंद्र में आधार केंद्र संचालित हो रहा है, जो कि शासन की मंशा के अनुरूप निशुल्क अथवा नाममात्र शुल्क पर सेवाएं देने के लिए स्थापित किया गया है।




#### अजय बरेला बोला दो कार्ड 3 हज़ार एक कार्ड 1800 रुपए दिए

लाड़कुई क्षेत्र के ग्राम सुनेड़ निवासी अजय सिंह बरेला ने बताया कि उनके दो बच्चों का आधार कार्ड नहीं बन रहा था क्योंकि न जन्म प्रमाण पत्र है न ही स्कूल की अंकसूची जानकारी मिली थी। भैरुंदा मुख्यालय लोक सेवा केंद्र पर आधार केन्द्र में कार्ड बन जाएंगे। वह पहुंचा तो वहाँ मौजूद ऑपरेटर अभिषेक पवार से बात की बिना किसी दस्तावेज के आधार कार्ड बन जाएगा। अभिषेक ने कहा बन जाएगा लेकिन इसके बदले ₹1800 प्रति आधार कार्ड बनाने में लगेंगे। अजय सिंह बरेला के अनुसार, उसके पास बच्चों के न तो जन्म प्रमाण पत्र थे, न ही स्कूल की मार्कशीट। जब उसने यह बात अभिषेक पवार को बताई तो जवाब मिला – ₹बन जाएगा आधार कार्ड, लेकिन पैसे देने होंगे। पैसे की व्यवस्था करने के लिए अजय बरेला ने अपने खेत मालिक से 5000 रु. उधार लिए और अभिषेक पवार को उसके बताए बारकोड पर पहले 3000 रु. और फिर 1800 रु. के दो ऑनलाइन ट्रांजैक्शन किए। इसके बाद उसे बिना दस्तावेज के आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया की और रसीदें प्राप्त की।

#### पहले भी आधार कार्ड ओर जन्म प्रमाण पत्र के मामले सामने आ चुके है

भैरूंदा तहसील में पूर्व में भी जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड के मामले सामने आए थे। जिसमें फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले अलग अलग राज्य से अपना नेटवर्क चला रहे थे। जिसमें लाड़कुई ग्रामीण क्षेत्र में मामला सामने आने परखुलासा हुआ था। पूर्व में थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर ने मामले को संज्ञान में लेते हुए एक बड़े ग्रहण का पर्दाफाश किया था। सभी आरोपियों को पुलिस की टीम ने अगल अलग जिलों और राज्यों से गिरफ्तार किया था। अब देखना यह है कि इस आधार कार्ड के फर्जीवाड़े में अधिकारी क्या कार्रवाई करेंगे। आधार कार्ड का यह मामला सिर्फ एक गरीब के साथ लूट का नहीं बल्कि देश की सुरक्षा व्यवस्था में संभावित सेंध का संकेत देता है। यदि 1700 रु. में बिना दस्तावेज किसी का भी आधार कार्ड बनाया जा सकता है, तो कोई भी विदेशी नागरिक, यहाँ तक कि आतंकवादी या घुसपैठिया भी भारतीय पहचान प्राप्त कर सकता है। तो वहीं प्रशासन की भूमिका पर उठे सवाल इस पूरे फर्जीवाड़े पर सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि तहसील कार्यालय के सामने ही यह सब चल रहा है। संबंधित अधिकारी इस मामले में संज्ञान लेकर आपरेटर और लोक सेवा केंद्र के संचालकों पर क्या कार्रवाई करेंगे। भैरुंदा एसडीएम मदनसिंह रघुवंशी ने बताया कि मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है। लोक सेवा केंद्र के आधार सेन्टर पर बिना दस्तावेज़ के आधार कार्ड बनाए जाते हैं, आम नागरिकों से अधिक राशि वसूली जा रही हैं, इस मामले की जांच की जाएगी जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।







# हरीभूमि की खबर पर कलेक्टर ने लिया संज्ञान जर्जर स्कूल भवनों को ध्वस्त करने के निर्देश

**सीहोर।** राजस्थान के झालावाड़ में हुए दर्दनाक हादसे के बाद जिले के जर्जर स्कूल भवनों को लेकर हरिभूमि अखबार में प्रकाशित खबर पर जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया है। कलेक्टर बालागुरु के. ने सोमवार को टीएल बैठक में जिले के सभी खस्ताहाल और जर्जर सरकारी स्कूल भवनों को तत्काल ध्वस्त करने के निर्देश जारी किए हैं।

कलेक्टर बालागुरु ने शिक्षा विभाग को उन सभी स्कूलों की सूची लोक निर्माण विभाग को सौंपने को कहा है, जो जर्जर स्थिति में हैं और कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे भवनों को बिना किसी देरी के गिराया जाए। इसके साथ ही जिन स्कूल भवनों में मरम्मत की आवश्यकता है, उनका कार्य भी शीघ्रता से पूरा करने को कहा गया है, ताकि शैक्षणिक गतिविधियां सुरक्षित माहौल में संचालित हो सकें। गौरतलब है कि हरिभूमि समाचार पत्र ने तीन दिन पहले जिले के कई स्कूलों की जर्जर स्थिति को उजागर करते हुए बताया था कि करीब 150 से 200 स्कूल भवन बेहद खतरनाक हालत में हैं। इन स्कूलों में छत से सरिए बाहर निकलने, प्लास्टर झड़ने और बारिश में पानी टपकने जैसी समस्याएं आम थीं, जिससे बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कर रहे थे। शिक्षकों और अभिभावकों की बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही थी।

खबर का असर


जिले में करीब 200 स्कूल भवन जर्जर हालत में

राजस्थान जैसी घटना के इंतजार में शिक्षा विभाग !

जिले में कई स्कूल भवन खस्ताहाल हो चुके हैं। कहीं प्लास्टर गिर रहा है तो कहीं दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी है। कई जगह छतों से सरिए बाहर निकल आए हैं।

हरिभूमि पड़ताल

1. प्राथमिक शाला, दशहरा वाला, सीहोर

2. हाई सेकेंडरी स्कूल, निम्नागांव

भय के साए में शिक्षा

प्रशासन की निष्क्रियता सवालों के घेरे में

कहीं भरभराकर न गिर जाए यह जर्जर स्कूल भवन की छत

3. शासकीय प्राथमिक शाला लसूड़िया कांगर, इछावर

4. कमला नेहरू माध्यमिक शाला, सीहोर

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या सीहोर को भी किसी बड़े हादसे का इंतजार है?

दिया जाएगा पर्याप्त पानी

# यातायात व्यवस्था संभालने के लिए 50 से अधिक जवानों ने हाईवे पर रहे तैनात

**सीहोर।** सावन के तीसरे सोमवार को भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे, सोमवार को सुबह से ही कांवडियों की सुरक्षा को लेकर इंदौर-भोपाल मार्ग पर पुलिस प्रशासन ने करीब 50 से अधिक जवानों को तैनात किया था, जिससे सीवन नदी के तट से धाम तक जाने वाले श्रद्धालुओं को कोई समस्या नहीं आई और पूरे मार्ग पर भगवान शंकर की भक्ति के जयकारें गूंजे। कांवड लेकर और धाम पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए समाजसेवी, सामाजिक संगठन आदि प्रसादी और चाय, नाश्ते, पेयजल आदि का वितरण कर रहे है, वहीं कुबेरेश्वरधाम पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन पर हर रोज हजारों श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। सोमवार को करीब 15 क्विंटल से अधिक फलहारी प्रसादी के अलावा भोजन वितरण किया। यातायात के प्रभारी ब्रजमोहन धाकड़ के अनुसार पुलिस प्रशासन ने आगामी रविवार से बढ़ती भीड़ को देखते हुए यातायात को डायवर्ट करने की संभावित व्यवस्था शुरू कर दी है। इस मार्ग पर आगामी दिनों पर प्रशासन का अमला तैनात रहेगा। वहीं जिला प्रशासन भी देश में लाखों भक्तों की आस्था का केन्द्र कुबेरेश्वरधाम पर कांवड भरने आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि को देखते हुए व्यवस्था में कार्यरत है।



# पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले मृत्युंजय महाकाल, जाना प्रजा का हाल





**इछावर।** सोमवार को नगर में हर वर्ष की भांति इस बार भी भव्य राजसी सवारी निकाली गई। इस दौरान भगवान मृत्युंजय महाकाल अपनी प्रजा का हाल जानने पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। राजसी सवारी हाइवे स्थित मेहता पैट्रोल पंप के समीप विनायक परिसर से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए सीएम राइस स्कूल पहुंचकर समाप्त हुई। राजसी सवारी के चल समारोह में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष , बच्चे भक्तगण डीजे पर भजनों की स्वरलहरियां पर थिरकते हुए चल रहे थे। सवारी में बाहुबली भगवान शंकर , अघोरी , बाहुबली हनुमान , ताशा पार्टी , कालीजी , मंकीमेन, रावण , ढोल बेंड, राधा कृष्ण , शिवशंकर की झांकी आदि लोगों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रही



### पालकी यात्रा में शामिल हुए भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा

**सीहोर।** सावन मास में सीहोर जिले सहित नगर में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में सावन के तीसरे सोमवार को नगर में रतलामी परिवार द्वारा भव्य शिव पालकी यात्रा निकाली गई। इस पालकी यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पूजा-अर्चना की तो वहीं नगरवासियों सहित जिलेवासियों एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना भी की। इस दौरान वे पालकी यात्रा में साथ भी चले। यात्रा के दौरान भगवान शिव के जयकारे लगते रहे तो वहीं जगह-जगह यात्रा पर फूलों की बारिश भी होती रही। पालकी यात्रा नगर के कोतवाली चौराहे से शुरू होकर जगदीश मंदिर सहित कई मार्गों से होते हुए चमत्कारेश्वर मंदिर पहुंची। यहां पर यात्रा में पंडित प्रदीप मिश्रा भी शामिल हुए। शिव पालकी यात्रा कई वर्षों से निकाली जाती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि सावन का महीना भगवान शिव की आराधना और उनकी भक्ति करने का महीना होता है। सिद्धपुर की नगरी सीहोर तो वैसे भी बड़ी पावन धरा है और अब यहां पर कुबेरेश्वर धाम के रूप में शिवलोक भी है। श्री अरोरा ने कहा कि सभी लोग सावन माह में भगवान शिव की आराधना करें और अपने जीवन को भी धन्य बनाएं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त भी मौजूद रहे।



### अंचल से श्रावण में निकाली जाती है भगवान महाकाल की शाही सवारी

# भक्तों के दुखों का हरण करने नगर भ्रमण पर निकले मेरे सिद्धेश्वर महादेवः पं. मोहितराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जब जब शिव भक्तों पर विपदा आई कष्ट आया संकट आए पीड़ा आई भगवान शिव स्वयं भक्तों के दुख हरण करने पहुंच जाते हैं आज बाबा भक्तों का दुख हरण करने सिद्धेश्वर केदारेश्वर और बर्फानी अपने सभी भक्तों को दर्शन देने कृपा बरसाने दुखों का का हरण करने नगर भ्रमण पर निकले ,श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम परिवार के तत्वावधान में आयोजित शिव पालकी यात्रा का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

उज्जैन के महाकाल मंदिर में निकाली जाने वाली पालकी यात्रा की भाई स्वरूप वही भव्यता पर यह दिव्य आयोजन सीहोर नगर में पहली बार देखने को मिला, जिसमें बाबा केदारेश्वर पालकी में विराजमान होकर श्री माधव महाकाल आरोग आश्रम से नगर का पावन भ्रमण किया।



#### साथ में बाबा सिद्धेश्वर पालकी पर विराजमान हुए

यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था — हर हर महादेव₹ के जयघोष से नगर की गलियाँ गूंज उठीं। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा, भजन, भक्ति संगीत एवं भव्य स्वागत किया गया। परम गौभक्त कथा व्यास पंडित मोहित रामजी पाठक की अगवाई में यहां धार्मिक पवन यात्रा निकाली गई इस यात्रा में संत महंत श्री हरिराम दास पंडित चेतन उपाध्याय पंडित शैलेश तिवारी संस्थापक किशोर जी कौशल अरुणा सुदेश राय पूर्व विधायक रमेश जी सक्सेना जिला अध्यक्ष नरेश जी मेवाड़ा समाजसेवी अखिलेश की राय जिले का होता है नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर भाजपा नेता सनी महाजन भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा राजीव गुजराती बड़ी संख्या में सभी सनातनी हिंदू जनों का सहयोग प्राप्त हुआ संतों की अगुवाई में भगवान की पावन यात्रा निकाली जिसमें हजारों महिला पुरुष सनातनी हिंदू जनों ने अमृत वर्षा का पान किया।

इस दौरान आनंद में सभी झूम उठे श्रावण की रिमझिम फुवारे अमृत की तरह गंगाजल की तरह बरस रही थी आयोजकः श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति निवेदकः श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम परिवार ने इस ऐतिहासिक आयोजन का उद्देश्य नगरवासियों में धार्मिक चेतना जागृत करना, भक्ति भाव को प्रोत्साहित करना तथा सामूहिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करना रहा। कथावाचक पंडित मोहित राम जी पाठक एवं समिति द्वारा सभी सहयोगियों, भजन मंडलियों एवं नगरवासियों सनातनी हिंदू जनों का बाबा की यात्रा में सम्मिलित होने पर आभार किया गया।

### खिवनी अभ्यारण : भोपाल के लिए पैदल रवाना हुई आदिवासी महिलाओं की गोद में छोटे बच्चों को लेकर पहुंची गोपालपुर

**भैरुदा।** खातेगांव में खीवनी अभ्यारण के आदिवासियों की न्याय पदयात्रा में शामिल महिलाएं ,युवाओं ,छोटे बच्चों को लेकर भोपाल के लिए रवाना हुई यात्रा गोपालपुर पहुंची। इस दौरान कांग्रेस पार्टी ने आदिवासियों की न्याय पद यात्रा को समर्थन दिया। रात्रि विश्राम गोपालपुर कृषि उपज मंडी प्रांगण में किया तो वहीं आज सुबह भैरूंदा के लिए रवाना हुई। आदिवासियों के सम्मान में कांग्रेस मैदान में आदिवासी बचाओ,अधिकार दिलाओ न्याय पद यात्रा का बुधनी विधानसभा के ग्राम गोपालपुर (भेरुंदा) में आगमन पर गोपालपुर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक भाटी ,प्रदेश सचिव विक्रम मस्ताल शर्मा (हनुमान जी),पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष भैरूंदा देवी सिंह थारोल,नगर अध्यक्ष भैरूदा संतोष शर्मा, संजीव अग्रवाल, सुरेश सेठी, अभय शेखावत द्वारा भव्य स्वागत किया गया।यह यात्रा खातेगांव क्षेत्र कांग्रेस नेता राहुल इनान्या के नेतृत्व में निकाली जा रही है। विदित रहे खिवनी अभ्यारण्य (खातेगाव)के नाम पर मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा वर्षों से निवासरत आदिवासियों के घरों को बिना विस्थापन की तैयारी किए। बिना बारिश के मौसम में घरों को तोड़ा गया और आदिवासी परिवारों को खुले आसमान में रहने को मजबूर किया गया। कांग्रेस पार्टी,भाजपा सरकार के अन्यायपूर्ण और असवेदनशील कृत्य का पुरजोर तरीके से विरोध करेगी।कांग्रेस पार्टी आदिवासियो,दलितों, पिछडों के ऊपर भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे हर अत्याचार का हर मोर्चे पर सटीक जबाब देगी।



### शिव पालकी यात्रा में शामिल हुए पंडित महेश दुबे



**सीहोर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी पिपलेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वावधान में शिव पालकी यात्रा कटारे बाबा के संरक्षण व सुप्रसिद्ध कथा वाचक पं. मोहितराम जी पाठक की अध्यक्षता एवं समिति के संस्थापक किशोर कौशल के मार्गदर्शन में शिव पालकी यात्रा का शुभारम्भ शिव मंदिर रत्लामी मिष्ठान भण्डार से प्रारंभ हुई। जिसमें भारतीय जनता पार्टी पंचायती राज्य प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अपने साथियों के साथ पहुंचे और रथ में विराजमान भगवान शिव की विधिवत पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया व जनमानस के लिये सुखसमृद्धि की कामना कर पालकी यात्रा में मुख्य रूप से उपस्थित कटारे बाबा, पं.मोहितराम जी पाठक, नगर पुरोहित पं. पृथ्वी वल्लभ दुबे, शंकर प्रजापति, राजेन्द्र वर्मा, आशीष गुप्ता, पप्पु धाड़ी, हरीशचन्द्र अग्रवाल का पुष्पहारों से सम्मान किया।

### जिन स्वास्थ्य केंद्रों पर पोस्ट नहीं वहीं कर दिए स्थानांतरण, संबंधितों को मिला हाईकोर्ट से स्टे

# नियम को ताक पर रख स्वास्थ्य विभाग में कर दिए गए ट्रांसफर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-राजगढ

जिले के स्वास्थ्य विभाग में एक बार फिर भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोपों ने तूल पकड लिया है। विभाग के एक बाबू सहायक ग्रेड-2 द्वारा सीएमएचओ की अनुपस्थिती का फायद उठाते हुए कई कर्मचारियों के स्थानांतरण संबंधित स्वास्थ्य संस्थाओं पर अस्वीकृत पदों पर कर दिए गए। सीधे शब्दों में समझे तो जिस स्वास्थ्य केंद्र पर वह पद है ही नहीं वहां स्थानांतरण कर दिया गया। चूंकि अंतिम तारीखों में यह स्थानांतरण हुए है उस समय विभाग की मुखिया सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा का भी ट्रॉसफर हो चुका था। इसी का फायदा उठाते हुए बाबू दीपक विजयवर्गीय ने न सिर्फ नियमों की अनदेखी की बल्कि विभागीय कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खडें हो गए है। उल्लेखनीय है कि दीपक विजयवर्गीय पहले भी विवादों में रहे है।

सूत्रो की माने तो संबंधित बाबू ने अपने प्रभाव और पहुंच का इस्तेमाल करते हुए मनमाने तरीके से कुछ कर्मचारियों को उन पदों पर स्थानांतरित कर दिया जो पद संबंधित स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध ही नहीं है।इसी का परिणाम है कि इस तरह स्थानांतरित किए गए सभी कर्मचारियों को हाईकोर्ट इंदौर से स्टे मिल गया है।

**सीएमएचओ के स्थानांतरण के चलते कलेक्टर के हस्ताक्षर से हुए ट्रांसफर**

यह बात अतिगंभीर श्रेणी में आती है कि जब स्वास्थ्य विभाग की सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा को ट्रॉसफर हो चुका था तो स्वास्थ्य विभाग के संबंधित कर्मचारियो के स्थानांतरण के लिए जिला कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा के हस्ताक्षर हुए है। ऐसे में मामला और भी गंभीर हो जाता है कि क्या जिला कलेक्टर डॉ मिश्रा को स्वास्थ्य विभाग ने इस बात से अवगत कराया था। यह बडा सवाल है।

**इन कर्मचारियों को गलत स्थानांतरण के चलते हाईकोर्ट इंदौर से मिला स्टे**

1 रेखा नापित सहायक ग्रेड-3, इनका स्थानांतरण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजगढ से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माचलपुर किया गया परंतु बिडम्बना यह कि 2024 को मंत्रालय द्धारा नवीन स्वीकृती ये माचलपुर में सहायक ग्रेड-3 का पद ही स्वीकृत नहीं है।
2 दिनेष पारीक सहायक ग्रेड-2,जीएनएमटीसी राजगढ से सिविल अस्पताल सारंगपुर स्थानांतरण कर दिया गया। यह पद भी नए आदेश के अनुसार सारंगपुर में स्वीकृत ही नहीं है।
3 रईस खान वाहन चालक,सीएमएचओ राजगढ से सिविल अस्पताल सारंगपुर स्थानांतरण कर दिया गया। जबकि सारंगपुर सिविल अस्पताल में यह पद सिर्फ आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए ही स्वीकृत है।
4 अरूण भिलाला भृत्य- इनका स्थानांतरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेंर से संडावता किया गया है जबकि वहां पर 2024 की नीति के हिसाब से भृत्य का कोई पद ही स्वीकृत नहीं है।
5 संदीप झावा वार्डबॉय - इनको सीएमएचओ राजगढ से करेडी उपस्वास्थ्य केंद्र पर स्थानांतरित किया गया है परंतु बाबू दीपक विजयवर्गीय के खास होने के कारण आज दिनांक तक रिलीव ही नहीं किए गए है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक बाबू अपनी मनमर्जी से ही सीएमएचओ ऑफिस चला रहा है।

**इनका कहना है**

यह मेरे कार्यकाल से पहले का मामला है और अब मामला कोर्ट चला गया है ।

डॉ शोभा पटेल,सीएमएचओ राजगढ़

### आरोपियों को बिहार, दिल्ली, उत्तर-प्रदेश, राजस्थान से गिरफ्तार कर लाई पुलिस

# लोगों का एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले 11 धराए

### जिले के चार थानाक्षेत्रों के एटीएम बूथों पर कार्ड बदलकर निकाले रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



एटीएम बूथ पहुंचने वाले बहुत से लोग अज्ञानता के चलते समीप खड़े व्यक्तियों से रुपए निकालने में मदद मांग लिया करते हैं। परन्तु बूथों के समीप ऐसे बदमाश भी खड़े रहते हैं तो इसी फिराक में रहते हैं कि कब किसे बेवकूफ बनाकर उसका कार्ड बदलते हुए राशि निकाल लेते हैं।

जिले के जीरापुर, पचोर, सारंगपुर थानाक्षेत्रों में चार अलग-अलग व्यक्तियों के साथ इसी तरह कार्ड बदलकर रुपयों की धोखाघड़ी कर ली गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए इन बदमाशों को पकड़ने पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने एक विशेष टीम गठित की। इस टीम द्वारा सीसीटीवी, मोबाइल लोकेशन टेसिंग, घटना में प्रयुक्त वाहनों के नंबरों सहित अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर एटीएम फ्रॉड करने वाले गिरोह के 12 बदमाशों को बिहार, दिल्ली, उत्तर-प्रदेश, राजस्थान राज्यों से गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों के पास से दूसरे व्यक्तियों के अनेक एटीएम कार्ड, नकदी, पीओएस मशीन सहित अन्य उपकरण बरामद किए हैं। एसपी तोलानी ने रविवार दोपहर पुलिस कन्ट्रोल रूम में प्रेसवार्ता कर पूरे मामले पर विस्तार से जानकारी दी।

**एटीएम बदलकर रुपए निकालने की जिले में 4 घटनाएं-** 21 जुलाई को जीरापुर निवासी रामउग्रह पांडे का एटीएम कार्ड बदलकर बदमाश ने 85 हजार रुपए निकाल लिए थे। इसी तरह 10 जुलाई को पचोर निवासी सुखबीर सिंह भदौरिया का एटीएम बदलकर 40 हजार रुपए की धोखाघड़ी की गई। गत 28 जून को पचोर के ही रामगोपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि एटीएम बूथ के अंदर रुपए निकालने में मदद करने के नाम पर उनका कार्ड किसी ने बदलकर बाद में 35 हजार रुपए निकाल लिए। इसी तरह सारंगपुर के पुराना बस स्टैंड पर आयुष कुमार साहू का एटीएम कार्ड बदलकर उनके एटीएम से 16 हजार रुपए की धोखाघड़ी हुई थी।

**इन 12 आरोपियों ने दिया था घटनाओं को अंजाम-** धोखाघड़ी के उक्त चारों मामलों को अकरम उर्फ पप्पू पिता मोहम्मद अली, अमर खान पिता निसार खान, वसीम अहरम पिता जाकिर, शाहरुख पिता हारुन सर्व निवासी हरियाणा, जाकिर हुसैन निवासी सीकर, राजस्थान, वीरेंद्र गुर्जर जिला डींग राजस्थान, शराफत पिता शहाबुद्धीन जिला डींग राजस्थान, नासिर पिता दीन मोहम्मद, साउद पिता युसुफ रंगरेज जिला गाजियाबाद यूपी, आजाद पिता ताजुद्धीन जिला गाजियाबाद यूपी, आमिर पिता फैजुद्धीन जिला गाजियाबाद यूपी एवं नासिर पिता दीन मोहम्मद खान शामिल हैं।

**पौने 2 लाख नकदी, कार, मोबाइल सहित अन्य सामग्री जब्त-** गिरफ्तार आरोपियों के पास से 1 लाख 75 हजार के लगभग नकदी, 11 एटीएम कार्ड, दो लग्जरी कारें, पीओएस मशीन सहित अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। सब मिलाकर कुल 20 लाख रुपए का माल आरोपियों के पास से जब्त किया गया है।

## पत्रकारों ने छह सूत्रीय मांगों को लेकर विधायक शर्मा को सौंपा ज्ञापन



**नरसिंहगढ़।** नगर के पत्रकारों द्वारा चिड़खिों अभ्यारण क्षेत्र में आयोजित बैठक के दौरान विधायक मोहन शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें पत्रकारों द्वारा सिटी डिस्पेंसरी को पत्रकार भवन हेतु आवंटित करने तथा 23, 24 मार्च को मुरैना में आयोजित मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार के सम्मेलन में संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदोरिया द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्रकार सुरक्षा कानून मालवीय नगर में पत्रकार भवन जैसी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया था जिसमें श्रमजीवी पत्रकारो को पत्रकार भवन सौंपा जाने तथा पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने उत्तर प्रदेश सरकार की तरह पत्रकारों के लिए निशुल्क बीमा योजना लागू करने सहित अनेक मांगो का ज्ञापन सौंपा गया था जिस पर आज तक कोई विचार प्रदेश सरकार द्वारा नही किया गया है जिसको लेकर विधायक मोहन शर्मा से विधानसभा में इन मांगों पर मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण कराने के लिए ज्ञापन सौंपा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा द्वारा उपस्थित पत्रकारों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि नगर में पत्रकारों के लिए ही भवन की व्यवस्था की जाएगी व 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का काम मेरा एक डाकिए की तरह जिसको मैं पूरी जवाबदारी के साथ निभाऊंगा आपकी मांगे भी रखूंगा। वही मोहन शर्मा ने कहा कि 2 अगस्त को सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण हेतु बैठक का आयोजन किया जा रहा है। आप की उपस्थिति अनिवार्य है। यह कार्य 29 अगस्त से 4 अक्टूबर के बीच संपन्न होने जा रहा हे।

### मंत्री टेटवाल ने किया पौधरोपण

## शा हाई स्कूल पांदा में निशुल्क साइकिल वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न




**सारंगपुर।** शासकीय हाई स्कूल पांदा में मंगलवार को एक प्रेरणादायक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को निरूशुल्क साइकिल वितरण किया गया, साथ ही परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री टेटवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए विद्यालय की छात्राओं को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सौजन्य से 35 निरूशुल्क साइकिलें प्रदान कीं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है। मंत्री टेटवाल ने इस मौके पर पौधा रोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि दृ बेटियों को शिक्षा देना केवल उनका अधिकार नहीं, बल्कि सशक्त भारत की नींव है। यह पहल प्रदेश को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,विनोद पाटीदार,गिरवर भंडारी,सरपंच दीप सिंह सोनगरा,रघुराज सिंह सोलंकी एसडीएम रोहित बम्होरे,तहसीलदार आकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

### विश्व हिंदू परिषद ने सौंपा ज्ञापन, जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग की

# सारंगपुर उप-जेल परिसर में भजन के स्थान पर आपत्तिजनक गीत बजाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



सारंगपुर उप-जेल परिसर स्थित हनुमान मंदिर में भजन की जगह आपत्तिजनक गीत बजाए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि यह घटना 25 जुलाई को घटित हुई, जब जेल परिसर के भीतर स्थित मंदिर में नियमित भजन-कीर्तन की व्यवस्था की जाती है, लेकिन उस दिन आपत्तिजनक गीत बजाए गए। इससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं और वातावरण अशांत हुआ। परिषद का कहना है कि यह गंभीर लापरवाही है, जिससे समाज में आक्रोश व्याप्त है।

**विश्व हिंदू परिषद ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है**

उप-जेल परिसर में घटी इस घटना की निष्पक्ष जांच की जाए तथा दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाए। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए जेल प्रशासन को सख्त निर्देश दिए जाएं। एवं जेल परिसर में धार्मिक कार्यक्रमों हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं साथ ही संगठन ने चेताया कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे विरोध प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। प्रशासन से आग्रह किया गया कि हिंदू समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए दोषियों को दंडित किया जाए और भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो, इसकी गारंटी सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन देने वालों में बजरंग दल जिला संयोजक निकेश पुष्पद,अभिषेक गिरजे,अभिनंदन पाटीदार,इंदर चावलकार,जितेंद्र त्रिकार,कैलाश सोलंकी,शुभम राठौर,राहुल सेन,तुषार चैहान,सोनू पंवार सहित बजरंगदल कार्यकर्ता मौजूद थे संबंधित को नोटिस दिया गया है जांच कर कार्रवाई की जायेगी। विकास जैन उप जेल जेलर सारंगपुर।

# नगर से खामखेड़ा बालाजी के दर्शन को निकले नंगे पैर निशान के साथ पांच सौ महिलाओं समेत बच्चे और पुरुष

हरिभूमि न्यूज ▶▶सुठालिया

रविवार को नगर के परलापुरा से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नंगे पैर निशान के साथ खामखेड़ा बालाजी दर्शन करने के लिए आज प्रस्थान किया आज सुबह से सभी बड़े उत्साह के साथ खेड़ा पति मंदिर पर एकत्रित होने लगे जो सभी एकत्रित होकर ग्यारह बजे परलापुरा के खेड़ापति मंदिर से झंडा उठा कर प्रदीप सिंह परमार न मोहन लोधी के द्वारा दो झंडे हाथों में लेकर इस भक्तों को डीजे की धुन पर नगर से निकले यहां लोगों ने डीजे पर नाचते हुए सदर बाजार गांधी चैक बस



स्टैंड होते हुए खाम खेड़ा के लिए निकले जो मंगल बार को खाम खेड़ा पहुंच कर बालाजी के दर्शन करेंगे यहां पिछले दस सालों से महिलाएं पुरुष लगातार पैदल चल कर जाते हैं यहां इनका ग्यारह साल जा रहे हैं हर साल लोगों के आस्था का केंद्र खामखेड़ा बालाजी के दर्शन को संख्या बढ़ती हे जा रही है इस साल महिलाओं पुरुष बालक बालिकाओं सभी कुल पांच सौ से अधिक हे ये डीजे पर नाचते हुएं उत्साह पूर्वक देखा जा रहा है।

## कड़िया नाला पुल पर पानी भरने से आवागमन हुआ बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

पचोर-सोयत हाइवे पर कड़यिा नाला के बीच बन रहे पुल पर पानी भर जाने से खुजनेर पचोर मार्ग पूरी तरह बाधित हुआ रविवार सुबह से तेज बारिश का दौर जारी रहा कई नदी नाले उफान पर रहे पचोर सोयत मार्ग पर कड़यिा नाला के यह बन रहे पुल का काम धीमी गति व समय पर पूर्ण नहीं होने से पचोर खुजनेर मार्ग पर आवागमन बाधित हुआ जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ा खुजनेर से पचोर की ओर जाने वाले लोगों को बाबल्दा सुल्तानिया उदनखेड़ी होते हुए



पचोर जाना पड़ा वही संडावता में पचोर सोयत निर्माणाधीन मार्ग की साइड में डंपर का पहिया धसने से मुरम से भरा डंपर।

## ग्रामीणों ने किया बंदर का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार



**सारंगपुर।** समीप ग्राम बिलोदा पाल में रविवार को एक अद्भुत और मार्मिक दृश्य देखने को मिला, जब एक बंदर की मृत्यु होने पर गांववासियों ने उसे सनातन परंपरा के अनुसार अंतिम संस्कार दिया। ग्रामीणों के अनुसार, यह बंदर कई दिनों से गांव में रह रहा था । रविवार को अचानक उसकी मृत्यु हो जाने पर पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। ग्रामीणों ने इसे सिर्फ एक जानवर नहीं, बल्कि हनुमानजी का प्रतीक मानते हुए पूरे श्रद्धा भाव से उसका अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार की रस्में विधिपूर्वक संपन्न की गईं जिसमें फूल, गंगाजल, अगरबत्ती आदि का प्रयोग किया गया। गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर चिता तैयार की और पवित्र मंत्रों के साथ बंदर को मुखाग्नि दी। इस दौरान रामकृष्ण पाल,बृजेश पाल,शिवराज पाल,मनोज माखन,गोपाल अभिषेक देवकरण पाल,अरुण कमल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और मौन रखकर अंतिम विदाई दी। गांव के सरपंच दिनेश पाल ने कहा, ष्हमारे शास्त्रों में हर प्राणी में भगवान का अंश माना गया है। यह बंदर हमारे लिए सिर्फ जानवर नहीं, बल्कि देवस्वरूप था।ष यह दृश्य सभी के लिए भावुक कर देने वाला था और यह घटना प्रकृति एवं पशु प्रेम की मिसाल बन गई।

### झीलकुआं शिवालय से निकली कांवड़ यात्रा, भक्ति से सराबोर दिखीं महिलाएं

# कांवड़ यात्रा में गूंजे 'बम बम भोले' के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सावन माह में आस्था की बयार एक बार फिर झील कुआं हनुमान मंदिर से निकली कांवड़ यात्रा के रूप में बही। रविवार को वार्ड 9 स्थित शिवालय से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भोलेनाथ के जयकारों के साथ कांवड़ यात्रा निकाली। श्रद्धालुओं ने बेतवा नदी के बड़वाले घाट से जल भरकर झील कुआं मंदिर लौटकर शिवलिंग पर अभिषेक किया।

दोपहर 12 बजे पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुई यात्रा में महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। रास्ते भर महिलाएं नृत्य करती रहीं और बोल बम के नारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। एक घंटे की पदयात्रा के बाद सभी श्रद्धालु बड़वाले घाट पहुंचे, जहां मिट्टी से निर्मित पार्थिव शिवलिंग की पूजा की गई और सामूहिक आरती के



साथ जयघोष किए गए। इसके उपरांत महिलाओं ने अपनी-अपनी कांवड़ में पवित्र जल भरा और फिर शिवालय की ओर लौट चलीं।

मंदिर पहुंचकर सभी ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया, बेलपत्र अर्पित किए और भव्य आरती में भाग लिया। आरती के पश्चात प्रसादी वितरण हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में वार्डवासी सम्मिलित हुए। झील कुआं मंदिर आयोजन समिति अध्यक्ष पूरनलाल कुशवाह और मंदिर के पुजारी राजू महाराज ने बताया कि बीते पांच वर्षों से यह कांवड़ यात्रा सावन माह में आयोजित की जा रही है। कावड़ यात्रा में पुरुषोत्तम महाराज, पूर्व पार्षद सुरेश मालवीय, अमित सोनी, हेमराज कुशवाह, सतीश रैकवार, संतोष मेहर, प्रहलाद रैकवार, संतोष कुशवाह, प्रकाश, शुभम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

### मुक्तिधाम समिति की नवीन कार्यकारिणी गठित

## नेवज मुक्तिधाम में बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु भूमिपूजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

काशीपुरा क्षेत्र स्थित नेवज मुक्तिधाम के चारों ओर बाउन्ड्रीवाल निर्माण के लिए रविवार को भूमिपूजन उपरान्त कार्य आरंभ करवा दिया गया। यह बाउन्ड्रीवाल समिति के पास जनसहयोग से एकत्रित राशि से बनवाई जा रही है। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि मुक्तिधाम के समीप लगातार मिट्टी का कटाव हो रहा है। इसको रोकने ट्रीट-वे वॉल सहित श्रद्धांजलि हेतु एक सामुदायिक हॉल का निर्माण भी करवाया जाना है। उक्त दोनों कार्यों हेतु क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर, विधायक अमरसिंह यादव, नपाध्यक्ष विनोद साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नगर के सेवाभावी दानदाताओं से सहयोग की अपेक्षा समिति द्वारा की गई है।

**समिति की नवीन कार्यकारिणी भी गठित-** नेवज मुक्तिधाम समिति की नवीन कार्यकारिणी भी सर्वसम्मति से गठित की गई है। इस समिति में नपाध्यक्ष विनोद साहू संरक्षक, के.सी. कोसरवाल संरक्षक एवं राजेंद्र पुष्पद को संरक्षक का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही महेश पुष्पद समिति के अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष, श्याम सुंदर पिपलोटिया सहायक कोषाध्यक्ष, सुरेश गवली, हेमराज पुष्पद, गजराज चैहान एवं दारासिंह जाट उपाध्यक्ष, घनश्याम सोनी सचिव, जीतेंद्र पुष्पद सह-सचिव, श्रीनाथ साहू, राजेश नायक एवं मोहित साहू को शांतिवन रक्षक बनाया गया है। बंशीलाल पिपलोटिया, महेंद्र सिंह राठौर, जीतेंद्र परिहार, संजू धनगर, केदार मेवाड़े, राहुल गवली, संतोष राणा सहित अन्य शामिल हैं।

खबर संक्षेप

## ग्राम बमुलिया रायमल में भागवत कथा आज से

**जावर।** ग्राम बमुलिया रायमल में श्रावणमास के पावन अवसर पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आज से कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ होगी कथा आचार्य पं. अशोक शुक्ल पीपलरावां के मुखारविंद से और पं. दिनेश शर्मा बमुलिया रायमल की उपस्थिति में एवं समस्त ग्राम वासी बमुलिया रायमल ने आस पास के ग्रामीण एवं धर्म प्रेमियों से आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारकर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आंनद ले।

## कलश यात्रा से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**आष्टा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आष्टा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मेहतवाड़ा द्वारा जावर सेक्टर के आदर्श ग्राम टिगरिया में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पारुल उपाध्याय जिला समन्वयक जन अभियान परिषद सीहोर भगवत शरण लोधी विकासखंड समन्वयक म. प्र. जन अभियान परिषद आष्टा, सरपंच, सतीश विश्वकर्मा समाजसेवी विजेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथियों का स्वागत फूलमाला एवं तुलसी का पौधा भेंट कर किया गया। पारुल उपाध्याय द्वारा पौधारोपण को लेकर सभी का मार्गदर्शन किया गया वृक्षों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है वृक्ष हमारे प्राण दाता है हमारे प्राणों की रक्षा करते हैं हम सभी को वृक्ष लगाकर धरती का श्रृंगार करना चाहिए। सभी नवांकुर संखियों से अपेक्षा रखी कि सभी पेड़ बनने तक रखवाली करेंगे। भगवत शरण लोधी ने नवांकुर सखी योजना के बारे में जानकारी देते हुए सभी उपस्थित महिलाओं को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया है मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रत्येक पंचायत में समितियों के माध्यम से यह अभियान चलाया जा रहा है नवांकुर सखी योजना के अंतर्गत प्रत्येक महिला को ग्यारह पेड़ लगाना है और उसकी देखभाल करना है जिस प्रकार हम अपने बच्चों की देखभाल कर उनका पालन पोषण करते हैं उसी प्रकार पेड़ों की पांच वर्ष तक हमें देखभाल करना है।

### सावन के तीसरे सोमवार को शिव भक्तों ने निकाली कावड़ यात्रा, श्रद्धालुओं ने जल से किया अभिषेक

# पांडव कालीन शिव मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब, रिमझिम बारिश के बीच शिव मंदिरों में दिनभर होती रही पूजा-अर्चना

पांडव कालीन मंदिर में पूरे सावन महीने भक्तों की भीड़ रहती है लेकिन सोमवार को सबसे ज्यादा श्रद्धालु पहुंचते है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पांडव कालीन शिव मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब सुबह 5 बजे से भक्तों की कतार बारिश में भी भक्तों का उत्साह कम नहीं अन्य मंदिरों में भी दिनभर होती रही पूजा अर्चनाआष्टा। सावन माह के तीसरे सोमवार को भी बारिश में भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और आष्टा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही जावर, मेहतवाड़ा, मैना, कोठरी, खाचरोद, सिद्धिगंज, डोडी, सहित अन्य क्षेत्रों में भी शिव मंदिरों में कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की शंकर मंदिर पार्वती नदी किनारे मेला भी लगा। जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु खरीददारी के लिए पहुंचे। आष्टा के पार्वती नदी किनारे स्थित प्राचीन शिव मंदिर सुबह 5 बजे से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने भक्तों की कतार लग गई। मंदिर के महंत हेमंत गिरी ने बताया है कि यह मंदिर पांडव कालीन है यहां पर वैसे तो पूरे सावन महीने भक्तों की भीड़ रहती है। लेकिन सोमवार को सबसे ज्यादा रहती है यह ऐतिहासिक प्राचीन और दुर्लभ शिव मंदिर है पार्वती नदी किनारे स्थित शिव मंदिर एकमात्र मंदिर है जो की और कहीं देखने को नहीं मिलता है यहां पर आने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करते हैं भोलेनाथ आज भगवान भोलेनाथ के 5000 से भी अधिक भक्तों ने पूजा अर्चना कर दर्शन किए।





## डीजे-बाजे के साथ मुगली राधा कृष्ण मंदिर से निकाली कावड़

**आष्टा।** सावन महीने के तीसरे सोमवार को आष्टा क्षेत्र में 10 से अधिक कावड़ यात्राएं निकाली गई जो विभिन्न ग्रामों से आष्टा पहुंची और भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जल चडाकर अभिषेक किया आज ग्रामीणों का एक अलग ही उत्साह देखने को मिला डीजे और बाजे के साथ नाचते गाते करीब 5 किलोमीटर कावड़ यात्रा निकाली। बता दें कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष सभी ग्राम पंचायत मुगली से 5 किलोमीटर डीजे बाजे के साथ लगातार 4 वर्षों से कावड़ यात्रा निकाली जा रही जिसमें सभी युवा माता बहनों ने बढ़ चढ़कर कावड़ यात्रा में बरसते पानी में हिस्सा लिया लिया। आपको बता दे की ग्राम मुगली राधा कृष्ण मंदिर से ग्राम का युवा माता बहन लगातार चार वर्षो से डीजे बजे के साथ बड़ी संख्य में कावड़ यात्रा निकलते हैं जिसमें मुगली वफापुर अब्दुल्लापुर के युवा एवं माता बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### महाकाल डाक कावड़ यात्रा भी निकाली

करीब 2 किलोमीटर महाकाल डाक कावड़ यात्रा भी निकाली जिसमें डीजे के साथ-साथ कांवड़ यात्री शामिल हुए पूरे मार्ग पर करीब 3 किलोमीटर कावड़ यात्री दौड़ लगाकर चल रहे थे दरअसल डाक कावड़ यात्रा दौड़ लगाकर निकाली जाती है जो कि आज प्रमुख मार्ग से होती हुई शंकर मंदिर के गर्भ ग्रह में कावड़ यात्री दौड़ लगाते हुए पहुंचे और शिवलिंग पर जल चढ़ाया। ग्राम मुगली के कैलाश अजनोटीया , विनोद चौरसिया ने बताया कि 4 साल से कावड़ यात्रा ग्रामीण निकालते आ रहे हैं सोमवार को भी ग्राम मुगली से करीब 4 किलोमीटर कावड़ यात्रा ग्रामीणों ने निकाली और आष्टा के शंकर मंदिर पहुंचकर भोलेनाथ के शिवलिंग पर जल चढ़ाया कावड़ यात्रा का उद्देश्य ग्राम में सुख शांति और अच्छी फसल के साथ-साथ आपस में भाईचारा बना रहे हैं। कावड़ यात्रा में प्रमुख रूप से सरपंच ज्ञान सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य सतीश सोनानिया, विनोद चौरसिया, विक्रम पटेल , सुनील बैरागी, कृपाल सिंह ठाकुर, कृपाल वर्मा, राजेश पायलट, अखिलेश वर्मा, भीम सिंह जोशी,राम कृष्ण मालवीय आदि शामिल हुए।




## विल्वैश्वर महादेव का किया जलाभिषेक



**जावर।** मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बिलपान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवबड़ला पोहचे मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत जी ने बताया भगवान शिव को सावन का महीना प्रिय होने का अन्य कारण यह भी है कि भगवान शिव सावन के महीने में पृथ्वी पर अवतरित होकर अपनी ससुराल गए थे और वहां उनका स्वागत अर्घ्य और जलाभिषेक किया गया था। माना जाता है कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में भगवान शिव अपने ससुराल आते हैं। भू-लोक वासियों के लिए शिव कृपा पाने का यह उत्तम समय होता है। देवबड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने कहा देवाधिदेव महादेव भूत भावन भगवान शंकर की आराधना का पर्व साधना आस्था श्रद्धा विश्वास का पवित्र श्रवण मास अत्यंत दुर्लभ संयोग के साथ शुरू होता है सावन का महीना पौराणिक कथाओं में वर्णन आता है कि इसी सावन मास में समुद्र मंथन किया गया था। समुद्र मथने के बाद जो हलाहल विष निकला, उसे भगवान शंकर ने कंठ में समाहित कर सृष्टि की रक्षा की; लेकिन विषपान से महादेव का कंठ नीलवर्ण हो गया। इसी से उनका नाम 'नीलकंठ महादेव' पड़ा। विष के प्रभाव को कम करने के लिए सभी देवी-देवताओं ने उन्हें जल अर्पित किया। इसलिए शिवलिंग पर जल चढ़ाने का ख़ास महत्व है। यही वजह है कि श्रावण मास में भोले को जल चढ़ाने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। आज बड़ी संख्या में कावड़ यात्री आए खजुरीया जावर, कजलास, खरसी, मुंडला आना,मऊ, जामली आदि जगहों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा को जल चढ़ाने देवबडला पहुंचे।

## श्यामपुर में निकली कांवड़ यात्रा



**श्यामपुर।** शिव भोले समिति के तत्वाधान में पवित्र श्रावण माह के तीसरे सोमवार को नगर के बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर से कावड़ यात्रा निकाली गई। सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त सनातनी वेशभूषा में एकत्रित होकर अपने हाथों में कावड़ लेकर यात्रा में सम्मिलित हुए। कावड़ यात्रा में महिलाओं ने भी बढ़-चलकर भाग लिया। डीजे के मधुर शिव भजनों व ढोल ढमाको के साथ पवित्र पार्वती नदी से जल लाने यात्रा रवाना हुई। शिव भक्त भगवा ध्वज पताका हाथ में लेकर शिव भजनों का गायन करते हुए चल रहे थे। महिलाएं भी भजन गाते गाते पीछे चल रही थी। मार्ग में अनेक स्थानों पर कावड़ यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। महादेव रेस्टोरेंट पर बम भोले सेवा समिति द्वारा कावड़ियों का स्वागत कर फलाहार कराया गया। बैरागढ़ खुमान व हिंगोनी ग्रामों में भी कावड़ यात्रा का स्वागत किया। पार्वती नदी से कावड़ भरकर यात्रा श्यामपुर के लिए रवाना हुई। वापसी में श्यामपुर के परंपरागत मार्गो से होती हुई बड़े महादेव मंदिर पहुंची। जहां महादेव का जल अभिषेक किया गया। अंत में कावड़ यात्रा बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर आई। जहां भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक करमहा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### नपाध्यक्ष की उपस्थिति में महिलाओं ने निकाली यात्रा

पवित्र श्रावण मास में जहां पुरुष अपने कंधों पर कावड़ लिए प्रभु की भक्ति करते है, वही मातृशक्ति भी अपने सिर पर कलश लिए भक्ति मे लीन होकर नाचते गाते भोलेनाथ की अराधना करती है. आज नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की उपस्थिति मे पुराना दशहरा मैदान से कावड़ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली जो संगम मंदिर स्थित भगवान पशुपतिनाथ जी की पूजा अर्चना कर एवं जलाभिषेक कर संपन्न हुई. नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने सभी कावड़ यात्रियों को शुभकामनायें देते हुवे प्रभु से प्रार्थना की कि आपकी हर मनोकामना प्रभु पूर्ण करें. इस अवसर पर पार्षद सुभाष नामदेव, तारा कटारिया सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री के विचारों को कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर जन जन तक जरूर पहुचाएं: विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात विधायक ने अपने सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, बूथ समिति के सदस्यो, महिला मोर्चे की बहनों के साथ नगर मंडल के बूथ क्र 181 वार्ड क्र 16 में बूथ समिति की अध्यक्ष सीता गुरूचरण परमार के निवास पर सुना। प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम के समापन पर उपस्तिथ कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की हर माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सभी बूथ समितियों को अपने अपने बूथ पर अवश्य सुनना चाहिये एवं संगठन एप्प पर लोड भी करें। मन की बात कार्यक्रम के समापन पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बूथ के वरिष्ठ सदस्य कांतिलाल परमार, कालूसिंह परमार सेवानिवृत्त आर्मी मेन, पार्वती परमार, प्रमिला श्रीवादी, संगीत शिक्षक राम श्रीवादी, मोतीसिंह मालवीय, जितेन्द्र शर्मा, बूथ क्र 181 की अध्यक्ष सीता परमार, गुड्डू शर्मा, वार्ड पार्षद रवि शर्मा, गुरूचरण परमार, सर्वेश उपध्याय पत्रकार संजय जोशी, राजीव गुप्ता आदि का स्वागत सम्मान किया । बूथ क्र 181 पर मन की बात कार्यक्रम में जिला महामंत्री धारासिंह पटेल,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा,सुशील संचेती, ऋतु आनन्द जैन, विशाल चौरसिया, मोहित सोनी, सर्वेश उपाध्याय, राकेश प्रजापति,नीलेश खंडेलवाल, मनीष धारवा, बसंत पाठक, जितेंद्र परमार, सुनील परमार, महिला मोर्चे की प्रिया खंडेलवाल, तारा कटारिया, गिरजा कुशवाह, उर्मिला गुप्ता सहित सभी भाजपा के कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे।

## वर्धमान स्वाध्याय मंडल का स्वाध्याय शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




20 से अधिक स्वाध्याय बंधुओ ने शिविर में उपस्थित होकर लिया धर्म लाभ महिदपुर रोड श्री वर्धमान स्वाध्याय मंडल जावरा से प्रतापगढ़ में आयोजित परम पूज्य साध्वी जिन शिशु प्रज्ञा श्रीजी महाराज की पवित्र पावन करी निश्रा में 20 से अधिक स्वाध्याय बंधुओ का स्वाध्याय शिविर संपन्न हुआ शिविर के अंतर्गत प्रथम दिवस पूज्य साध्वी जी के पावन सानिध्य में पर्युषण महापर्व की आराधना करवाने हेतु जाने वाले स्वाध्याय बंधुओ को कल्पसूत्र महाशास्त्र की वंचना के लिए विस्तृत से उदाहरण के माध्यम से समझाया गया। दूसरे दिन में अष्टानिका का प्रवचन पर्युषण महापर्व के पांच कर्तव्य वार्षिक 11 कर्तव्यों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर वर्धमान स्वाध्याय मंडल के वरिष्ठ मार्गदर्शक नरेंद्र मेहता, विनोद दख, अध्यक्ष विनीत मेहता पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित थे साथ ही महिदपुर रोड, इंदौर, जावरा, उन्हेल, नामली, सिंगोली आदि श्री संघ के स्वाध्याय बंधुओ ने उपस्थित होकर धार्मिक शिविर में ज्ञान अर्जन कर महान पूण्य का उपार्जन किया वर्धमान स्वाध्याय मंडल के स्वाध्याय बंधु सचिन भंडारी ने बताया कि मंडल विगत 30 वर्षों से पूज्य साध्वी प्रज्ञा श्री जी महाराज की निश्रा व दिशा निर्देशन में भारत के विभिन्न राज्यों मैं पर्यूषण महापर्व की आराधना निशुल्क सेवा भाव से शुद्ध आराधना के साथ संपन्न करवाता है 30 से अधिक नगरों के स्वाध्याय इस संस्था में जुड़े हुए। जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

### शहीद भगत सिंह शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

# देश के वीर शहीदों के सम्मान में आयोजित हुई विशेष सभा







हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में सोमवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी इकाई द्वारा प्रभारी एनसीसी केयर टेकर डॉ. कृपाल सिंह विश्वकर्मा, स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रभारी डॉ दीपेश पाठक एवं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री धर्मेंद्र सूर्यवंशी के दिशा-निर्देश में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एन.सी.सी. प्रभारी डॉ. कृपाल सिंह विश्वकर्मा के स्वागत भाषण देते हुए कहा कि हमारी सुरक्षा का कारण हमारी सेना की वीरता है। भारतीय सेना की पहचान आज पूरे विश्व में उसकी बहादुरी के लिए है। आप सब भी अपने राष्ट्र के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करें। अवसर में वीर शहीदों के सम्मान में एक विशेष सभा आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय के सभी सदस्यों व एन.सी.सी. कैडेट्स के द्वारा शहीदों की स्मृति में उनके छायाचित्रों पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। सभा को संबोधित करते हुए रोजगार मार्गदर्शन टीपीओ डॉ दीपेश कुमार पाठक ने कहा आज हम सभी कारगिल विजय दिवस की स्मृतियों पर यहां एक बहुत गर्व और सम्मान भरे दिन को मनाने के लिए यहां उपस्थित हैं। यह दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारत के गौरव, साहस, शौर्य और बलिदान की अमिट गाथा का प्रतीक है। कैप्टन विजय बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे, ब्रिगेडियर योगेंद्र यादव, राइफलमैन संजय कुमार आदि सहित इस युद्ध में भाग लेने वाले व शहीद होने वाले सभी वीर सैनिकों के शौर्य व पराक्रम को याद कर नमन किया। सभा की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह सूर्यवंशी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने असाधारण साहस दिखाते हुए विजय प्राप्त की हम सभी को गर्व है कि हमारे कैडेट भविष्य में इसी परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। अंत में शहीदों की याद में पौधारोपण किया गया और सभी विद्यार्थियों, कैडेटों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए सेना के प्रति इसी तरह के स्नेह और सम्मान बनाए रखने का आह्वान किया।

## रामदेवरा जा रहे श्रद्धालुओं के लिए भंडारा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

ग्राम खाचरोद के धर्म प्रेमी बंधुओं की ओर से ग्राम खाचरोद के बिजली घर चौराहे पर हनुमान मंदिर के सामने भंडारा खोला गया है जिसमें रामदेवरा पैदल वा वाहन से जाने वाले यात्रियों को चाय नाश्ता भोजन वा विश्राम की व्यवस्था रखी गई है।

इसमें दूर-दूर से रामदेवरा जाने वाले श्रद्धालुओं को रोककर चाय नाश्ता व भोजन करवाया जा रहा है। जिसमें खाचरोद के युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। वही रामपुरा, बड़ कन्नौद जोड़ के पास गिट्टी मशीन पर व नानकपुर टोल टैक्स लसुड़िया विजय सिंह मे भी भंडारा खोला गया है।

चल रहे भंडारे में क्षेत्र के ग्राम रामपुरा, खाचरोद, खामखेड़ा, कन्नौद, जरखेड़ी, नानकपुर लसुडिया विजयसिह आदि गांव के धर्म प्रेमी बंधुओं द्वारा रामदेवरा जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा भाव की जा रही है। भंडारा लगातार 1 माह तक चलेगा। सभी गांव के धर्म प्रेमी बंधुओं से अनुरोध है कि इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले।